कार्यालय पुलिस थाना बासनी जोधपुर पश्चिम आयुक्तालय जोधपुर

दिनांक 19.07.2023

psbasani@gmail.com
Dcp jodhpur west
@dcpwestjodhpur
0291-2650759

प्रेस नोट

- **औद्योगिक क्षैत्र बासनी गोदाम में हुई 15 लाख की कॉपर केबल नकबजनी की वारदात का 24 घण्टे में खुलासा।**
- **घटना में सरीक 03 मुख्य आरोपी एवं 01 खरीददार गिरफ्तार।**
- **माल मसरूका बिजली की कॉपर केबल व घटना में प्रयुक्त बोलेरो केम्पर बरामद,**

दिनांक 15.07.2023 को श्री सुनिल बाहेती पुत्र कानमल जी बाहेती जाति माहेश्वरी उम्र 49 निवासी ,67 ,आदर्श नगर शोभावतो की ढाणी पाल रोड जोधपुर पुलिस थाना सी.एच.बी. जोधपुर नें उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश की कि –'' मेरे बिजली के केबल का केबल हाऊस नाम से गोदाम गली नं. 4 बासनी द्वितिय फेस मे आया हुआ है। दिनॉक 14 व 15/07/2023 की मध्य रात्री में अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम का ताला तोड़कर गोदाम मे से चार केबल के ड्रम गायब चोरी कर ले गए। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 176 दिनांक 15.07.2023 जुर्म धारा 457, 380 भादस पुलिस थाना बासनी, जोधपुर आयुक्तालय में दर्ज कर अनुसंधान व माल मुलजिम तलाश प्रारम्भ की गई। श्री गौरव यादव पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम के निर्देशानुसार श्रीमति चंचल मिश्रा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम एवं श्री नूर मोहम्मद आरपीएस़ सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त पश्चिम के सुपरविजन एवं पर्यवेक्षण में मामले को गम्भीरता से लेते हुए मन् पाना चौधरी निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना बासनी के नेतृत्व में प्रकरण को सफल बनाए जानें हेतू रामनारायण एएसआई पुलिस थाना बासनी मय जाप्ता की विशेष टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा लगातार लगन व मेहनत से कार्य करते हुए आसपास एरिए के सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए, सीसीटीवी कैमरों व टोलनाके से जानकारी एकत्रित की जाकर घटना में प्रयुक्त वाहन के बारे में पता लगाते हुए अज्ञात मुलजिमान को नामजद किए जाकर टीम द्वारा घटना समय से लगातार लगन व मेहनत से कार्य करते हुए 24 घण्टे में प्रकरण की घटना में मुख्य आरोपीगण 1. इन्द्रलाल कालेबेलिया पुत्र श्री देवीलाल जाति कालबेलिया उम्र 21 वर्ष निवासी उमरड़ा पुलिस थाना हिरण मगरी जिला उदयपुर, 2. प्रकाश पुत्र प्रेमाजी जाति डांगी (पटेल) उम्र 35 वर्ष निवासी मंदेसर पुलिस थाना डबोक जिला उदयपुर, 3. शांतिलाल पुत्र भंवरलाल जाति कालबेलिया उम्र 33 वर्ष निवासी भमरासिया पुलिस थाना डबोक जिला उदयपुर को पीछा कर राजसमंद ईलाके से दस्तयाब कर बाद पूछताछ प्रकरण की वारदात करना स्वीकार करनें पर प्रकरण में गिरफ्तार किए जाकर न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। गिरफ्तार मुलजिमान की सूचना पर माल के खरीददार राकेश पुत्र डालचंद लौहार निवासी खेमली थाना डबोक जिला उदयपुर को टीम द्वारा आज उदयपुर से दस्तयाब कर बाद पूछताछ प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मुलजिमान से घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप व माल मसरूका बिजली की कॉपर केबल बरामद किए गए है। शेष माल मसरूका बरामदगी के प्रयास जारी है।

टीम सदस्य :

1. पाना चौधरी निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी बासनी।
2. रामनारायण एएसआई पुलिस थाना बासनी।
3. रामलाल हेड कानि.1085 थाना बासनी। (विशेष भूमिका)
4. रामदीन कानि. 3007 थाना बासनी (विशेष भूमिका)
5. प्रेम चौधरी हेड कानि. 989 साईबर सैल डीसीपी कार्यालय पश्चिम।
6. जगदीश कानि. 2265 साईबर सैल डीसीपी कार्यालय पश्चिम।
7. दलाराम कानि. 2075 चौकी सांगरिया ।

फोटो संलग्न ।

सही/
थानाधिकारी
पुलिस थाना बासनी, जोधपुर